(15)

<u>नियम 56 के अन्तर्गत सूचना</u>

माननीय अध्यक्ष जी,
विधान सभा, उ0प्र0।

मान्यवर,

आपके माध्यम से सदन का ध्यान एक अति अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ कि जनपद बलिया अन्तर्गत विद्युत संविदा लाइन मैन श्री योगेश राम निवासी ग्राम सिवान कला दिनांक 29–07–2023 को विद्युत सब–स्टेशन सिकन्दरपुर पर विद्युत तार ठीक करने हेतु शटडाउन लेकर कार्य कर रहा था तभी सब–स्टेशन पर कार्यरत अवर अभियंता श्याम अवध यादव के द्वारा समय 5.50 पर विद्युत आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जिससे संविदा लाइन मैन श्री योगेश राम की विद्युत पोल पर मृत्यु हो गई जिसकी सूचना जिले के सभी अधिकारियों को दी गई। क्षेत्रीय जनता में भारी आक्रोश था। जिलाधिकारी ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये मदद के रुप में शासन से दिलाने का वायदा किया था किन्तु अभी तक कोई मदद नहीं दी गयी है जिससे क्षेत्रवासियों में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

तः इस अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर सदन की कार्यवाही रोक कर चर्चा कराने एवं मृतक परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलायें जाने की मांग करता हूँ।

दिनांक: 11–08–2023

(जियाउद्दीन रिजवी)
विधायक

292. सिकन्दरपुर - बलिया

11/8/23